**J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad**
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
**A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009**
**SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006**
**Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in**


GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING:05.04.2023**

# AAJ SAMAJ

## मीडिया विभाग के छात्रों ने सीखे ग्राउंड रिपोर्टिंग के गुर

आज समाज नेटवर्क

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवम प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के मीडिया एवं तकनीकी विभाग द्वारा ग्राउंड रिपोर्टिंग फील्ड ट्रेनिंग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए संचार एवं मीडिया तकनीकी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. पवन सिंह ने बताया मीडिया विभाग अपने छात्रों को अकादमिक अनुभवों के साथ साथ ग्राउंड रिपोर्टिंग के लिए भी कार्य करता है। इसी श्रृंखला में इस बार वरिष्ठ टीवी रिपोर्टर, जी न्यूज के पूर्व एसोसिएट एडिटर और वर्तमान में वैल्यू रिसर्च के कंसल्टिंग एडिटर अमित प्रकाश के साथ मिलकर मीडिया छात्रों को ग्राउंड रिपोर्टिंग की ट्रेनिंग के लिए आमंत्रित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मीडिया छात्रों से विशेषज्ञ अमित प्रकाश के संवाद सत्र से हुई। जिसमें अमित प्रकाश ने छात्रों को रिपोर्टिंग के बेसिक कॉन्सेप्ट के बारे में चर्चा की और ग्राउंड रिपोर्टिंग मोड्यूल को सांझा किया। इसके बाद ग्राउंड रिपोर्टिंग फील्ड विजिट का आयोजन किया गया जिसमें विशेषज्ञ द्वारा छात्रों को एस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेसवे ले जाया गया।



जानकारी देते हुए। आज समाज

उन्होंने एक्सप्रेसवे के आसपास और उससे जुड़े मुद्दों की रिपोर्टिंग कैसे की जाती है विषय पर छात्रों से चर्चा की और उन्हें रिपोर्टिंग असाइनमेंट्स के माध्यम से विषयों को समझाया।

इस असाइनमेंट में छात्रों को 12 टीमों में बांटा जिसमें छात्र ने अलग-अलग आइडिया और वीडियो से अपनी रिपोर्ट तैयार की। इसके बाद छात्रों ने भारत सैन्य बल से सेवानिवृत अधिकारियों द्वारा चलाई जाने वाली सीईआईएस- सिटीजन एनवायरमेंट इंप्रूवमेंट सोसायटी का भ्रमण किया। यह सोसाइटी पर्यावरण संरक्षण तथा सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट को लेकर काम करती है। जहां पर छात्र सोसाइटी के ब्रिगेडियर अमृत कपूर से मिले और उनके इस प्रकल्प का समझा तथा और एक्सपर्ट अमित प्रकाश के साथ पर्यावरण संबंधित मुद्दों की रिपोर्ट कैसे की जाती है इस विषय को टास्क बेस्ड लर्निंग से सीखा। बाद में छात्रों को सीईआईएस- सिटीजन एनवायरमेंट इंप्रूवमेंट सोसायटी ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति उत्साह दिखाने पर पौधे देकर सम्मानित भी किया। इस ग्राउंड रिपोर्टिंग फील्ड विजिट का आयोजन डीन, फैकल्टी ऑफ लिबरल आर्ट्स एंड मीडिया स्टडीज प्रोफेसर अतुल मिश्रा के नेतृत्व में किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर ने मीडिया विभाग को ग्राउंड रिपोर्टिंग फील्ड विजिट के आयोजन के लिए बधाई देते हुए कहा कि विश्वविद्यालय छात्रों के थ्योरेटिकल नॉलेज के साथ साथ प्रैक्टिकल एक्सपोज? के विषय में विशेष संज्ञान रखता है जिसके लिये विश्वविद्यालय लगातार ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन करता है।

**NEWS CLIPPING:05.04.2023**

# PUNJAB KESARI

# मीडिया विभाग के छात्रों ने सीखे ग्राउंड रिपोर्टिंग के गुर

## वरिष्ठ टीवी रिपोर्टर अमित प्रकाश रहे विशेषज्ञ

फरीदाबाद, 4 अप्रैल (पूजा): जे.सी. बोस विज्ञान एवम् प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के मीडिया एवं तकनीकी विभाग द्वारा 'ग्राउंड रिपोर्टिंग' फील्ड ट्रेनिंग का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की जानकारी देते हुए संचार एवं मीडिया तकनीकी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. पवन सिंह ने बताया मीडिया विभाग अपने छात्रों को अकादमिक अनुभवों के साथ साथ ग्राउंड रिपोर्टिंग के लिए भी कार्य करता है। इसी श्रृंखला में इस बार वरिष्ठ टीवी रिपोर्टर, ज़ी न्यूज़ के पूर्व एसोसिएट एडिटर और वर्तमान में वैल्यू रिसर्च के कंसल्टिंग एडिटर अमित प्रकाश के साथ मिलकर मीडिया छात्रों को ग्राउंड रिपोर्टिंग की ट्रेनिंग के लिए आमंत्रित किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत मीडिया छात्रों से विशेषज्ञ अमित प्रकाश के संवाद सत्र से हुई। जिसमें अमित प्रकाश ने छात्रों को रिपोर्टिंग के बेसिक कॉन्सेप्ट के बारे में चर्चा की और ग्राउंड रिपोर्टिंग मोड्यूल को साँझा किया।



ग्राउंड रिपोर्टिंग के गुर सीखते मीडिया विभाग के छात्र। (छाया : एस शर्मा)

इसके बाद ग्राउंड रिपोर्टिंग फ़ील्ड विजिट का आयोजन किया गया जिसमें विशेषज्ञ द्वारा छात्रों को एस्टर्न पेरीफ़ेरल एक्सप्रेसवे ले जाया गया। उन्होंने एक्सप्रेसवे के आसपास और उससे जुड़े मुद्दों की रिपोर्टिंग कैसे की जाती है विषय पर छात्रों से चर्चा की और उन्हें रिपोर्टिंग असाइनमेंट्स के माध्यम से विषयों को समझाया। इस असाइनमेंट में छात्रों को 12 टीमों में बाँटा जिसमें छात्र ने अलग-अलग आइडिया और वीडियो से अपनी रिपोर्ट तैयार की।

**NEWS CLIPPING:05.04.2023**

# NAVBHARAT TIMES

## छात्रों ने सीखे ग्राउंड रिपोर्टिंग के गुर

■ एनबीटी न्यूज, फरीदाबाद : जेसी बोस यूनिवर्सिटी के मीडिया व तकनीकी विभाग की तरफ से छात्रों के लिए ग्राउंड फील्ड ट्रेनिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विभाग अध्यक्ष डॉ. पवन सिंह ने बताया मीडिया विभाग अपने छात्रों को अकादमिक अनुभवों के साथ साथ फील्ड में काम करने के तरीके भी सीखा रहा है। इसके तहत मंगलवार को ग्राउंड रिपोर्टिंग के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्रों के लिए इस विषय के विशेषज्ञों के साथ संवाद सत्र आयोजित किया गया, जिसमें मीडिया प्रतिनिधि ने छात्रों के साथ अपने अनुभव व बेसिक जानकारी साझा की। इसके बाद ग्राउंड रिपोर्टिंग के तहत छात्रों को ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे तक ले जाया गया। लोकल मुद्दों की रिपोर्टिंग कैसे की जाती है, इसके बारे में छात्रों को जानकारी दी गई। इसके साथ ही उन्हें असाइनमेंट भी दिए गए।